# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

## प्रेस नोट सं0–96, दिनांकः 22–03–2024

**उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा–2024 का प्रश्न–पत्र आउट कराकर नेचर वैली रिसोर्ट मानेसर, गुरूग्राम हरियाणा में अभ्यार्थियों को पेपर पढाने वाले नेचरवली रिसोर्ट के मालिक व थाना कंकरखेडा, मेरठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 166/2024 धारा 420/467/468/471/120बी भादवि व 3/4/7/8/9 सार्वजनिक परीक्षा अधि0 में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 21–03–2024 को एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, मेरठ द्वारा थाना कोतवाली सेक्टर–7, आईएमटी मानेसर जनपद गुरूग्राम हरियाणा से थाना कंकरखेडा, मेरठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 166/2024 धारा 420/467/468/471/120बी भादवि व 3/4/7/8/9 सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधि0 में वांछित व अपने नेचरवेली रिसोर्ट में उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा–2024 के प्रश्न–पत्र आउट कराकर अभ्यार्थियों को पढ़ाने वाले गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः**

सतीश धनकड पुत्र राममेहर नि0 ग्राम–ढाणा थाना–सेक्टर–7 आईएमटी मानेसर, जनपद गुरूग्राम हरियाणा

**बरामदगीः**

1. 01 अदद मोबाईल फोन

**गिरफ्तारी का स्थान व समय–**

दिनांक 21.03.2024 स्थानः–नेचर वेली रिसोर्ट प्रेमनगर ढाणा, थाना सेक्टर–7 आईएमटी मानेसर, जनपद गुरूग्राम हरियाणा समयः–15.15 बजे

अपर पुलिस महानिदेशक, एस0टी0एफ उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा एसटीएफ टीमो को उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर आउट कराने वालें गिरोह के सरगना व सदस्यों की गिरफ्तारी एंव कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री बृजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ के पर्यवेक्षण में एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, मेरठ में टीमें गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी तथा अभिसूचना तन्त्र को सक्रिय किया गया।

उक्त निर्देशों के क्रम में दिनांक 05–03–2024 को एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई मेरठ उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर आउट कराने वाले गिरोह के सदस्यो 1.दीप उर्फ दीपक पुत्र दिनेश निवासी दोपहिया रोड पठानपुरा, थाना कंकरखेड़ा, जनपद मेरठ, 2.बिटटू पुत्र दयाराम निवासी ग्राम अलीपुर, थाना सरधना, जनपद मेरठ, 3.प्रवीण पुत्र ओमपाल निवासी नंगला ताशी, थाना कंकरखेडा, जनपद मेरठ, 4–रोहित उर्फ ललित पुत्र बिनोद कुमार नि0 म0नं0 237 गोलाबढ, थाना टीपी नगर, मेरठ, 5–नवीन कुमार पुत्र सलेखचन्द नि0 शोभापुर, थाना कंकरखेड़ा, जनपद मेरठ, 6–साहिल पुत्र अमरनाथ नि0 शोभापुर, थाना कंकरखेड़ा, जनपद मेरठ को दिनांक 18–02–2024 को आयोजित उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पारी के प्रश्न–पत्र व उत्तर कुंजी सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा इसी क्रम में दिनांक 12–03–2024 को 01 महेन्द्र पुत्र रामफल निवासी बराह खुर्द, थाना कोतवाली जींद, जनपद जींद हरियाणा व दिनांक 14–02–2024 को 1. अभिषेक कुमार शुक्ला पुत्र ब्रम्हदेव

शुक्ला नि0 विक्रमपुर, थाना सराय ममरेज, जनपद प्रयागराज, 2. शिवम गिरि पुत्र राम अचल गिरि नि0 ग्राम–रमगढवा गोनौरा, थाना जिगना, जनपद मिर्जापुर, 3. रोहित कुमार पाण्डेय पुत्र विजयनाथ पाण्डेय, नि0 ग्राम खेमापुर थाना कोईरोना जनपद भदोही तथा दिनांक 15–03–2024 को पेपर आउट कराने वाले गिरोह के 1. डा0 शुभम मण्डल पुत्र सुशील कुमार मण्डल नि0 मण्डल हाउस आदर्श कालोनी थाना खगौल जनपद पटना बिहार सदस्य को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

उपरोक्त अनुक्रम में एसटीएफ फील्ड इकाई मेरठ से निरीक्षक श्री सुनील कुमार, मुख्य आरक्षीगण रकम सिंह, प्रदीप धनकड, विनय कुमार व उ0नि0 श्री अरूण कुमार निगम, मुख्य आरक्षीगण जयवर्धन, विकास बसेला, रोमिश तोमर की टीम उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर आउट कराने वाले गिरोह के सदस्य व जिला कारागार मेरठ में निरूद्ध अभियुक्त महेन्द्र शर्मा रामफल नि0 बराह खुर्द, थाना कोतवाली जींद, हरियाणा को मा0 न्यायालय से पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड प्राप्त कर अग्रिम पूछताछ की गयी तो ज्ञात हुआ कि इसमें नेचरवेजी रिसोर्ट, मानेसर, गुरूग्राम, हरियाणा का मालिक भी शामिल है, जो उ0प्र0 पुलिस भर्ती का पेपर आउट कर अभ्यिार्थियों को पढाते समय वह भी अपने साथियों सहित मौजूद था। इस सूचना पर एसटीएफ मेरठ की गठित टीमों द्वारा नेचरवेली रिसोर्ट मानेसर, गुरूग्राम हरियाणा पर पहुंच कर महेन्द्र शर्मा की निशादेही पर सतीश धनकड है, जो रिसोर्ट का मालिक है, को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त सतीश धनकड ने पूछताछ पर बताया कि वह नेचर वैली, रिसोर्ट मानेसर जनपद गुरूग्राम हरियाणा का मालिक है। विक्रम पहल जो दिल्ली पुलिस में है वह उसे अच्छी तरह से जानता है। एक दिन विक्रम पहल उसके रिसोर्ट पर आया था और कहा था कि जल्दी में यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर होने वाला है, वह और उसकी टीम के सदस्य पेपर आउट कराने में लगे हुये हैं तथा जिस दिन वह कहे उस दिन रिसोर्ट खाली रखना होगा। फिर एक दिन मेरे रिसोर्ट पर विक्रम पहल द्वारा भेजे गये दाउद, अनुराग व गुनिया आये। गुनिया जिसे मै अच्छी तरह से जानता था, जो सुरा कलोई, जनपद झज्जर का रहने वाला है तथा सायना ट्रेवर्ल्स में काम करता है। इन लोगों ने मुझे बताया था कि विक्रम पहल उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने में लगा है। आपके रिसोर्ट में काफी जगह है और 700–800 अभ्यार्थी आसानी से बैठ सकते हैं। हम लोगों को पेपर आउट कराकर इस रिसोर्ट में अभ्यार्थियों को पेपर व उसके उत्तर पढाने हैं। सब काम हो जाने के पश्चात हम आपको 18–20 लाख रूपये देंगे। मैंने लालचवश हाँ कर दी और गुनिया ने मुझे एडवांस के तौर पर कुछ पैसे भी दिये थे। दिनांक 15–02–2024 को गुनिया नि0 सुरा कलोई जनपद झज्जर अपनी ट्रेवर्ल्स की बसों से अभ्यर्थियों को लेकर मेरे रिसोर्ट में आया था तथा कुछ देर बाद ही विक्रम पहल व उसी के गॉव का महेन्द्र शर्मा भी आ गये। उस दिन लगभग 700–800 अभ्यार्थी रिसोर्ट में थे। रिसोर्ट में ही विक्रम पहल ने अपने साथी अनुराग, दाउद, महेन्द्र शर्मा व गुनिया तथा अन्य के साथ मीटिंग कर अभ्याथियों को शांत रहने एवं खाने–पीने की व्यवस्था एवं पेपर सम्बन्धी बाते की, किन्तु किन्ही कारणों से दिनांक 15–02–2024 को उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर नहीं आ पाया था और सारे परीक्षार्थी रात्रि में उसी रिसोर्ट में रूके थे। दिनांक 16–02–2024 की सुबह विक्रम पहल, अनुराग व दाउद अपनी गाड़ी से कहीं गये और लगभग 11 बजे उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा की दिनांक 18–02–2024 की द्वितीय पाली का प्रश्न–पत्र व उत्तरकुंजी लेकर आये थे, जिनके साथ 6–7 लोग अन्य भी अपनी–अपनी गाड़ी से आये थे, जिनमें से मैं मोनू शर्मा नि0 ढाकला, जनपद झज्जर, विक्रम दहिया जनपद सोनीपत को जानता हूँ। फिर इन लोगों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सभी बच्चों को मेरे रिसोर्ट के पार्क में बैठाकर प्रश्न व उसके उत्तर बताये गये थे। सतीश धनकड ने यह भी बताया था कि विक्रम पहल लगातार अभिषेक कुमार शुक्ला नि0 प्रयागराज व रवि अत्री नि0 गौतमबुद्धनगर के सम्पर्क में था, जिनसे उसकी उ0प्र0 पुलिस

भर्ती परीक्षा के प्रश्न–पत्र आउट कराने को लेकर बातें चल रही है। सतीश धनकड ने यह भी बताया कि अभिषेक कुमार शुक्ला उसी कम्पनी में काम करता है, जिस कम्पनी में उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न–पत्र छप रहा था।

विस्तृत रूप से पूछताछ पर निम्न तथ्य प्रकाश में आयेः–

- सतीश धनकड नेचर वैली रिसोर्ट, मानेसर, जनपद गुरूग्राम हरियाणा का मालिक है।
- विक्रम पहल जो दिल्ली पुलिस में हवलदार है, वह इसके रिसोर्ट पर आता–जाता रहता है।
- गुनिया जो सुरा कलोई जनपद झज्जर का रहने वाला है तथा सायना ट्रैवर्ल्स में काम करता है।
- विक्रम पहल ने अपने साथी दाउद, अनुराग, गुनिया को सारी बात करने हेतु नेचर वैली रिसोर्ट भेजा था ।
- गुनिया जो सायना ट्रैवर्ल्स पर काम करता है उसकी बसों में बैठकर अभ्यार्थी नेचर वैली रिसोर्ट पर आये थे ।
- दिनांक 16–02–2024 को विक्रम पहल, दाउद, अनुराग अपने सार्थी के साथ पेपर व उत्तरकुंजी लेकर आये थे ।
- रिसोर्ट पर ठहरे सभी अभ्यार्थी एवं पेपर आउट कराने वाले सभी सदस्यों के खाने पीने एवं ठहरने की व्यवस्था सतीश धनकड द्वारा की गई थी ।

अब तक की विवेचना से प्रकाश में आये साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त सतीश धनकड उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त थाना कंकरखेड़ा, जनपद मेरठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 166/2024 धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि व 3/4/7/8/9 सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधि0 में वांछित होने के कारण थाना कंकरखेडा दाखिल किया गया है।